>

Title: Regarding reported crime against a tribal woman in Jalpaiguri district, West Bengal .

श्री पुलीन बिहारी बासके (झाड़ग्राम): सभापति जी, वैस्ट बंगाल में जलपाईगुड़ी जिले में बनाघाट में एक आदिवासी महिला पर बलात्कार हुआ है। यह घटना 27 अगस्त की शाम को घटी थी। हम लोग कोशिश कर रहे थे कि इस विषय को सदन में उठाएं और आज मौका मिला है। इसलिए हमें थोड़ा समय देना चाहिए। सबको पता है कि दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे अनसेफ जगह है, लेकिन अब साबित हो गया कि बंगाल खासकर कोलकाता और जलपाईगुड़ी महिलाओं के लिए सबसे अनसेफ जगह है। एनसीआर की जगह अब वैस्ट बंगाल का इस मामले में पोजिशन नम्बर एक हो गई है। आप जानते होंगे कि कामधूनी की घटना वहां हुई है और कटुआ में जिस तरह से ट्राइबल लड़के की जान ली गयी। खड़गपुर में भी एक घटना घटी है और जलपाईगुड़ी में पुलिस का जो रोल है उसमें पुलिस कप्रिट को पकड़ नहीं पाई और विक्टिम की स्थिति बहुत नाजुक है। उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गयी है और उसे बोलने में मुश्किल हो रही है। एससीएसटी और ट्राइबल्स लोगों के लिए एट्रोसिटी प्रीवेंशन करने के लिए एक्ट भी है जो 1989 में पारित हुआ था वह भी लागू नहीं हो रहा है। मैं उनके लिए कंपनसेशन की मांग करता हूं और मांग करता हूं कि इस विÂ◌ाय में पुलिस तुंत कार्रवाई करे और कप्रिट को तुंत ऐरेस्ट किया जाए। जो लड़की के ऊपर अन्याय हुआ है उसे रिलीफ और एडीक्वेट कंपनसेशन देना चाहिए। इसके लिए गंभीरता से विचार किया जाए।

(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : All right, you send the slip.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shrimati Susmita Bauri is permitted to associate herself with the issue raised by Dr. P. Baske during the 'Zero Hour".